दिनांक 25/06/2019 को आदर्श लौह कर्मशाला एवं आदर्श काष्ठ कर्मशाला, पूसा रोड, समस्तीपुर का जीर्णोद्धार एवं चहारदीवारी के साथ चौकीदार के रूम निर्माण कार्य के पुनर्निविदा हेतु प्राप्त तकनीकी बीड के संबंध में निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही – 1161

सदस्य उपस्थित :–

1. प्र0 निदेशक (कार्यक्रम कार्यान्वयन)–सह–कार्यपालक अभियंता (तकनीकी), आई0डी0ए0, पटना
2. प्र0 निदेशक (वित्त), आई0डी0ए0, पटना
3. कार्यपालक अभियंता (बियाडा), पटना
4. कार्यपालक अभियंता (पी0डी0ए0), आई0डी0ए0, पटना

कार्यावली :–

आदर्श लौह कर्मशाला एवं आदर्श काष्ठ कर्मशाला, पूसा रोड, समस्तीपुर का जीर्णोद्धार एवं चहारदीवारी के साथ चौकीदार के रूम निर्माण कार्य हेतु ई–निविदा के माध्यम से पुनर्निविदा की गई। उक्त निविदा का विज्ञापन सं0 – NIT-18/TEN/IDA/19 है। निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि 01.03.2019 थी। e-proc के माध्यम से तकनीकी बीड दिनांक 02.03.2019 को अपराह्न 3:00 बजे के उपरांत कम्प्यूटर प्रोग्रामर द्वारा खोल कर पी0डी0ए0 शाखा को प्राप्त हुआ। इस कार्य हेतु निम्न चार निविदादाताओं ने भाग लिया है –

1. M/s Kundan Kumar
   Bhikhanpura, Ramdayalu Nagar,
   P.S. – Sadar, Dist. – Muzaffarpur,
   Pin – 842001
2. M/s Daya Ram Singh
   Kapasiya Nagdah, Begusarai, Bihar
3. Jai Maa Construction & Consultancy
   H/o – Dr. Nitya Nand Singh, Room No. – 7,
   Chhatrapati Niwas, Postal Park, Patna – 800001
4. Hitech Construction and Developers Pvt. Ltd.
   46, Himadri Appartment, West Boring Canal Road, Patna

प्राप्त चारों निविदादाताओं के अभिलेख जांच हेतु निविदा समिति के समक्ष रखा गया। जांचोपरांत एक निविदादाता M/s Kundan Kumar (Muzaffarpur) Responsive पाये गये। निविदादाता M/s Daya Ram Singh (Begusarai) के द्वारा समर्पित कागजात में SBD की कंडिका 6 में मांगे गये Electrical Work का Value अनुभव प्रमाण पत्र में कम है। निविदादाता Jai Maa Construction & Consultancy (Patna) के द्वारा समर्पित कागजात में SBD की कंडिका 6 में मांगे गये Electrical Work का Value अनुभव प्रमाण पत्र में कम है। निविदादाता Hitech Construction and Developers Pvt. Ltd. (Patna) के द्वारा समर्पित कागजात में SBD की कंडिका 4.5A(d) में Electrical के कार्य हेतु मांगे गये Electrical Licence Upload नहीं है, Appendix to ITB की कंडिका (5) में मांगे गये Plaster Work की Quantity का Experience Upload नहीं है एवं SBD की Technical Bid के Notice Inviting Tender की कंडिका (10) में 120 दिन Bid Validity हेतु Undertaking नहीं दिया गया है। अतः निविदा समिति M/s Daya Ram Singh (Begusarai), Jai Maa Construction & Consultancy (Patna) एवं Hitech Construction and Developers Pvt. Ltd. (Patna) को Non Responsive मानती है।

<u>निविदा समिति का निर्णय</u> :–

उपरोक्त तथ्यों एवं वस्तुस्थिति के आलोक में निविदा समिति द्वारा सर्वसम्मति से Responsive निविदादाता M/s Kundan Kumar (Muzaffarpur) को तकनीकी बीड में सफल मानती है। साथ ही तीन निविदादाता M/s Daya Ram Singh (Begusarai), Jai Maa Construction & Consultancy (Patna) एवं Hitech Construction and Developers Pvt. Ltd. (Patna) को तकनीकी बीड में असफल मानती है।

निविदा समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाइट पर Upload किया जाय एवं 05 (पाँच) दिनों के अंदर इस निविदा से संबंधित किसी प्रकार का अभ्यावेदन/आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर वित्तीय बीड खोला जाय।

25.6.19   25/6/19

कार्यपालक अभियंता (पी0डी0ए0)   कार्यपालक अभियंता (बियाडा)

25.6   25/06/19

प्र0 निदेशक (वित्त)   प्र0 निदेशक (कार्यक्रम कार्यान्वयन)